



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने पत्रकार के पिताजी के निधन पर शोक जताया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार अफजाल अहमद के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। अफजाल के पिताजी का 3 दिसम्बर को निधन हो गया था।

### 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर मुख्यमंत्री को फ्लैग लगाया

**संवाददाता** देहरादून। 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशालय के उपनिदेशक कर्नल (से.नि.) एम.एस. जोधा एवं कर्नल (से. नि.) बी.एस. रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने वाले अपने वीर सैनिकों पर हमें गर्व है। 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' का यह अवसर राष्ट्र के सजग प्रहरियों के अविस्मरणीय बलिदानों और सेवाओं को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी दिन है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के नागरिकों से 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए अपना योगदान देने की भी अपील की है।

### हिमालया ने किया लिप बाम के लिए एक नया अभियान शुरू

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी वेलनेस ब्राड्स में से एक हिमालया वेलनेस कंपनी ने अपने खुश रहो खुशहाल रहो अभियान में सर्दियों के दौरान होंठों को पोषित रखने के महत्व को उजागर करने के लिए अपने लिप बाम के लिए एक नया टीवीसी जारी किया है। सुशील गोस्वामी महाप्रबंधक उपभोक्ता उत्पाद प्रभाग हिमालया वेलनेस कंपनी ने साझा किया नए टीवीसी की संकल्पना हिमालया लिप बाम को समर्थन देने के लिए की गई है। उपभोक्ता के व्यवहार को घरेलू उपचार से बदलकर एक प्राकृतिक लिप केयर स्पेशलिस्ट तक ले जाने में मदद करेगी।

### केएफसी इंडिया ने आईडीसीए के साथ की ऐतिहासिक साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। केएफसी इंडिया ने देश में बधिर क्रिकेट के विकास और उसकी पहचान बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए आज भारतीय बधिर क्रिकेट संघ आईडीसीए के साथ भागीदारी की घोषणा की भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री सुमित जैन और केएफसी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मोक्ष चोपड़ा ने आज दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में इस भागीदारी के बारे में जानकारी दी राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज भी इस मौके पर मौजूद थीं।

# ग्रामीण विकास के लिए काम कर रही सरकारः मुख्यमंत्री

**शुभारम्भ**

■ सीएम ने पोखरी में हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग एवं पर्यटन शरदोत्सव मेले का शुभारम्भ किया

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पोखरी नगर पंचायत द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय मेले का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामोदय से भारत उदय मिशन के साथ लगातार काम कर रही है। केन्द्र और राज्य सरकार के माध्यम से गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई है। लघु एवं कुटीर उद्योग लगाने के लिए नियमों में स्थिलता प्रदान की गई है। ताकि हमारे दूरस्थ पहाड़ों में भी कुटीर एवं लघु उद्योग लगे और अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिल सके। सरकार पहाड़ों में होम स्टे बढाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे राज्य के साथ ही पूरे देश में अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। माताओं, बहनों को मुफ्त में गैस कनेक्शन देने का काम यदि किसी ने किया है तो वह भारत माता के लाल प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कोई मरीज इलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की गई है। ऐसे परिवार जो इलाज करवाने में सक्षम नही है, उन परिवारों को 5 लाख तक का इलाज मुफ्त किया जा रहा है। हमारी सरकार ने लंबे समय से चली आ रही मांगों को देखते हुए पी.आर.डी जवानों उपनल कर्मियों, ग्राम प्रधानों, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, भोजन माताओं का मानदेय बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरी दुनिया को संदेश दिया कि तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। राज्य जब 25 वॉ स्थापना दिवस मना रहा होगा, तब राज्य सभी क्षेत्रों में देश का अग्रणीय एवं आदर्श राज्य होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 21वी सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, जो पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नंबर वन बनेगा।

**घोषणाएंः** सीएम ने क्षेत्र के विकास के लिए निम्न विकास योजनाओं की घोषणाएं भी की।

1– पोखरी में हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग एवं पर्यटन शरदोत्सव मेले को राजकीय मेला घोषित करते हुए इस वर्ष 2 लाख रुपये मेला समिति को देने की घोषणा की।

2– राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तपोवन ढाक (जोशीमठ) का नाम बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व० मोहन प्रसाद थपलियाल जी के नाम पर रखा जायेगा।

3–अमर शहीद सैनिक योगेम्बर सिंह भंडारी की स्मृति में नैलसांकरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाएगा।

4– विकासखण्ड जोशीमठ में गैस गोदाम से रेगढ़ तक मोटर मार्ग



का प्रथम चरण का निर्माण किया जायेगा।

5– विकासखण्ड दशोली के पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के कि०मी० 7 एवं 8 में सतह सुधारीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य किया जायेगा।

6– विकासखण्ड दशोली के बणद्वारा से काण्डई मोटर मार्ग का (द्वितीय चरण स्टेज) का नव निर्माण किया जायेगा।

7–विकासखंड दशोली के जुंआ–दिगोली मो.मार्ग से मेहर गांव में मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा।

8– विकासखण्ड पोखरी के उडामांडा–सिमखोली–चोपडा मोटर मार्ग के सिमखोली बैण्ड से होते हुए प्रा०वि० विरसण सेरा मोटर मार्ग का (प्रथम चरण) का नव निर्माण किया जायेगा।

9– विकासखंड पोखरी के उडामांडा–रौता–चोपडा मोटर मार्ग के नलडुंगा से विरसण मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा।

10–विकासखण्ड पोखरी–गोपेश्वर मोटर मार्ग से डुंबरा गाव के लिए से मोटर मार्ग का (प्रथम चरण) नव निर्माण किया जायेगा।

11–राजकीय प्रा.वि. सरतोली का उच्चीकरण किया जाएगा।

# भाजपा को जड़ से उखाड़ने का कार्य करेगी जनता: कांग्रेस

**पदयात्रा**

■ हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेसजनो ने निकाली पदयात्रा

**संवाददाता**



देहरादून। पेयजल व सड़क समस्या को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेसजनो ने निकाली पदयात्रा। उत्तराखंड कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री लक्ष्मी कपरुवान अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की आज सहसपुर विधासनभा क्षेत्र के अंतर्गत कंडी क्षेत्र में पेयजल व सड़को की समस्या को लेकर हरीश रावत के नेतत्व में भाजपा सरकार के विरोध में पदयात्रा निकाली गयी, उन्होंने भाजपा सरकार को भी निशाने पर लिया। पद यात्रा में कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगो ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर हरीश रावत ने कहा की कांग्रेस की सरकार रहते हुए कई उपाय पेयजल व सड़को की समस्याओं को दूर करने के लिए निकाले गये थे परन्तु सरकार परिवर्तन के बाद मौजूदा सरकार ने तमाम योजनाओं को ठंडे बसते में डाल दिया जो बहुत ही निंदनीय है।

लक्ष्मी ने कहा की कई सालो से उनके द्वारा विभिन्न अधिकारियो को पेयजल व सड़क समस्याओं से अवगत कराया गया और कई बार क्षेत्रवासियों के साथ धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान सहसपुर विधासनभा की समस्याओं के प्रति केन्द्रित करने के लिए किया परन्तु सरकार आँख मूंद कर बैठी रही।

उन्होंने कहा की विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री समस्त भाजपा के है परन्तु जब विकास कराने की बात आती है तो सभी चुनाव से पहले जनता की परेशानियों को नजरअंदाज करते रहते है और सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त रहते है। उन्होने कहा कि सहसपुर विधानसभा की जनता भाजपा के जुमलो को समझ चुकी है और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जड़ से उखाड़ने का कार्य करेगी।

### तहसील में गरजे आइडीपीएल वासी, टाउनशिप को नगर निगम में शामिल करने की मांग

**संवाददाता** ऋषिकेश। आवासीय कल्याण समिति आइडीपीएल के बैनर तले नागरिकों ने नगर में रैली निकाली। आवासीय कालोनी को नगर निगम में शामिल करने की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आवासीय कल्याण समिति के बैनर तले आइडीपीएल के पूर्व कर्मचारियों के परिवार क्षेत्र को नगर निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे हैं। अपनी मांग के समर्थन में उन्होंने महाप्रबंधक के समक्ष प्रदर्शन के अतिरिक्त क्षेत्र में कई रैलियां निकाली। शासन और प्रशासन स्तर पर इनकी सुनवाई नहीं हुई है। वन विभाग की ओर से आइडीपीएल को दी गई भूमि की लीज 27 नवंबर को समाप्त हो चुकी है। अब संस्थान की समस्त भूमि और संपत्ति राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में चली गई है।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।